टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

# Gangavataranam E-Newsletter
## Volume: December 2023



Steps

to



Success



THDCIL WISHES

HAPPY NEW YEAR 2024

Issued by: THDC India Limited

For Internal Circulation Only

Follow Us :- THDCIL 24X7 @THDCIL_MOP @THDCIL @THDCIL India Limited-Official





**मुख्य संरक्षक**
**श्री आर. के. विश्नोई**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**संरक्षक**
**श्री शैलेन्द्र सिंह**
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी**
अपर महाप्रबंधक
(मानव संसाधन एवं जनसंपर्क)

**उप संपादक**
**सुश्री काजल परमार**
सहायक प्रबंधक (ज.सं.)

**विशिष्ट सहयोग**
**श्री पंकज कुमार शर्मा**
उप प्रबंधक (राजभाषा)

**सहायक संपादक**
**श्री ईशान भूषण**
सहायक प्रबंधक (ज.सं.)

**समन्वयक**

टिहरी
**श्री मनवीर नेगी**
प्रबंधक (ज. सं.)

कोटेश्वर
**श्री आर. डी. मंमगाई**
उप प्रबंधक (ज. सं.)

कौशांबी
**श्री बी. एस. चौहान**
सहायक प्रबंधक (ज.सं.)

पीपलकोटी
**श्री अविनाश कुमार**
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

खुर्जा
**श्री प्रभात कुमार**
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

# Contents

| | |
|---|---|
| CMD Message | 2. |
| Directors' New Year Messages | 4. |
| National Level Painting Competition | 5. |
| MoU for THDCIL Water Sports High Performance Academy | 6. |
| THDC and UJVNL's Joint Venture Secures 1719 MW Clean Energy Portfolio | 7. |
| Harmony Celebrations & HRD Corner | 8. |
| Celebration of Navratri at Tehri & THDC participated in UK Global Investors Summit 2023 | 9. |
| Inauguration of THDCIL-High Performance Academy | 10. |
| Hindi Workshop at Khurja, Session on Policies and Procedures of Procurement and Health Awareness at NCR Office | 11. |
| Medical Camp at Tehri & Completion of Turbine Gear Generator Barring Work at KSTPP | 12. |
| Successful Boxing Up of the 2nd Unit of Tehri PSP & Successful Boiler Hydro Test of Unit 2 of KSTPP | 13. |
| Ladies Welfare Association, PRP meeting at VPHEP & Band Vikas Mela at VPHEP | 14. |
| Retirement | 15. |



**Always take some meaningful risks in life to achieve great heights.**
**- Chandra Shekhar Azad**



# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का नव वर्ष संदेश

टीएचडीसी परिवार के मेरे प्रिय साथियों,

आप सभी को नव वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं!
ईश्वर से प्रार्थना है कि वे आपको और आपके प्रिय परिजनों की सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य व खुशहाली का आशीष दें और आपके लिए प्रगति और सम्पन्नता के नए अवसर प्रदान करें।
मैं इस अवसर पर हमारे संगठन टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की उत्तरोत्तर प्रगति और राष्ट्र को इसके सार्थक योगदान के लिए भी कामना करता हूँ।
विगत वर्षों में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने समर्पित भाव से "विद्युत उत्पादन हमारी कटिबद्धता....समाज का विकास हमारी प्रतिबद्धता" के उद्देश्य से अपना दायित्व निभाया है। आज, जबकि पूरा देश अपने यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अपनी आज़ादी के अमृत काल में एक नई चेतना और संकल्प के साथ भारत को विश्व विजेता बनाने के लिए प्रयत्नशील है, टीएचडीसी भी एक नवीन ऊर्जा के साथ करवट ले रहा है।
साथियो ! हम सभी ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को कॉर्पोरेट जगत में प्रतिष्ठा के इस मुकाम तक लाने के लिए कड़ी मेहनत की है जिससे लाखों लोगों के जीवन में उत्साह, प्रगति और खुशहाली का संचार हुआ है। हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व, शौर्यवान सेना, तकनीकी कौशल, उत्साही युवा शक्ति और दृढ़ संकल्प ने भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आने का सम्मान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है।
टीएचडीसी इंडिया लि. ने उभरते भारत के सपनों को साकार करने के लिए कम्पनी के विभिन्न हितधारकों की आकांक्षाओं के अनुरूप अपने नए लक्ष्य और आदर्श निर्धारित करने के लिए "दृष्टि, उद्देश्य और तात्विक मूल्यों" पर पुनर्विचार किया है और अपने लिए विकास की एक नई रूपरेखा तैयार की है जिसे शीघ्र ही अंगीकृत किया जाएगा। हमारे विजन, मिशन और कोर वैल्यूज़ हमारे भविष्य की सफलता के लिए हमारे जी.पी.एस. की तरह सही मार्ग प्रशस्त करेंगे।
इस वर्ष मार्च में टिहरी में भारत के सबसे बड़े पम्प स्टोरेज प्लांट (पी.एस.पी) का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा । 1000 मेगावाट का यह प्रोजेक्ट उत्तरी क्षेत्र में पीकिंग पावर की क्षमता में वृद्धि करेगा । यह ऊपरी जलाशय और निचले जलाशय के मध्य जल के पुनर्चक्रण की अवधारणा पर आधारित है। इसके शुरू होने पर टिहरी बाँध जलाशय ऊपरी जलाशय के रूप में और कोटेश्वर जलाशय निचले जलाशय के रूप में कार्य करेगा |
राष्ट्र की अपेक्षाओं, निगम के भविष्य की संभावनाओं और व्यावहारिक विविधीकरण की दिशा में टीएचडीसी द्वारा उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 1320 मेगावाट की खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है जो कि फरवरी 2024 तक नियत समय में पूरा कर लिया जाएगा।





इस पावर प्लांट की कोयले की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में स्थित अमेलिया कोयला खदान टीएचडीसी को आवंटित की गयी, जिस पर हमारे साथियों ने पूर्ण समर्पण और उत्साह के साथ कार्य किया और निर्धारित समय से पहले लक्ष्य अर्जित किया।

हमने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड के मध्य एक संयुक्त उद्यम (TREDCO) का गठन किया है जो राजस्थान में 10,000 मेगावाट अक्षय ऊर्जा पार्कों के विकास का महत्वपूर्ण कार्य करेगा | अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निगम द्वारा यह महत्वपूर्ण कदम है तथा इससे देश के हरित ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में योगदान मिलेगा; यह हम सभी के लिए बड़ी उपलब्धि है | कॉरपोरेशन भारत सरकार के स्वच्छ ऊर्जा अभियान में 2030 तक 450 गीगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त करने के लक्ष्य में अपना सम्पूर्ण योगदान दे रहा है |

इसी के साथ टीएचडीसी एवं उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के साथ गठित संयुक्त उद्यम (TUSCO) के माध्यम से उत्तर प्रदेश मे 2000 MW के सोलर पार्कों के विकास का कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत झांसी और ललितपुर में 600 MW और चित्रकूट में 800 MW क्षमता के सोलर पार्कों का कार्य प्रगति पर है|

महाराष्ट्र तथा केरल में भी हमने पीएसपी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। केरल राज्य के साथ पीएसपी के विकास से संबंधित एक समझौता ज्ञापन भी निष्पादित किया गया है।

उत्तराखंड मे टीएचडीसी एवं यूजेवीएनएल के साथ एक संयुक्त उद्यम का गठन किया है जिसके अंतर्गत उत्तराखंड में पारम्परिक जल-विद्युत परियोजनाओं के साथ-साथ पीएसपी का निर्माण कार्य भी किया जाना शामिल है।

मानवीय मूल्यों के सम्मान और सामाजिक कल्याण के प्रति अपने समर्पण को टीएचडीसी इंडिया लि. ने बरसों-बरस निष्ठापूर्वक प्रदर्शित किया है। बदलते हुए सामाजिक और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में हमें कंपनी का मानवीय व्यक्तित्व और अधिक प्रखर रूप में प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

एक कदम और आगे बढ़कर हमने टिहरी में विगत वर्षों में वाटर स्पोर्ट्स को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया है। टीएचडीसी ने कायकिंग एण्ड कैनोइंग एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड, इण्डियन ओलंपिक एसोसिएशन, उत्तराखण्ड ओलंपिक एसोसिएशन तथा आईटीबीपी के साथ मिलकर वाटर स्पोर्ट्स के बहुत ही सफल आयोजन किए हैं। हमारे प्रयत्नों के लिए हमें हमारे माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री राज कुमार सिंह जी और उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी ने बधाई दी है और वाटर स्पोर्ट्स में राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वाटर स्पोर्ट्स अकैडमी स्थापित करने की प्रेरणा और ज़िम्मेदारी दी है । हमने इस दायित्व को बड़ी निष्ठापूर्वक लेते हुए इन पर द्रुत गति से कार्य करना भी शुरू कर दिया है।

आइए ! अतीत की सफलताओं से सम्प्रेरणा लें, अपने सामर्थ्य में विश्वास जगाएँ और नये संकल्पों के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ने का व्रत लें ।

"आशासे यत् नववर्षं भवतु मङ्गलकरम् अद्भुतकरञ्च। जीवनस्य सकलकामनासिद्धिरस्तु।"

मैं ईश्वर से कामना करता हूँ कि नया वर्ष आपके लिए मंगलमय और अद्वितीय हो और आप सभी की समस्त कामनाएं पूर्ण हों !

जय हिन्द! जय THDC!

(आर.के. विश्नोई)



**Always take some meaningful risks in life to achieve great heights.**
**- Chandra Shekhar Azad**





## नव वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं



**-श्री जे. बेहेरा,**
**निदेशक (वित्त)**

प्रिय साथियों,

नव वर्ष 2024 की आप सभी को शुभकामनाएं। मैं कामना करता हूँ कि यह वर्ष आपके लिए और आपके परिवार के लिए सुख और समृद्धि भरा रहे। नया साल अपने साथ नए सपने, नई उम्मीदें और नया जोश लेकर आता है। मैं आशा करता हूँ कि गत वर्षों की भांति यह वर्ष भी निगम के लिए और आप सभी के लिए सौहार्द और प्रसन्नता भरा रहे। आप सभी नई ऊंचाइयों को छूने में सफल हों।

जे. बेहेरा

मेरे टीएचडीसी परिवार के प्रिय सदस्यों,

मैं कामना करता हूँ कि यह नया वर्ष आप सभी के लिए नई उमंगों और आशाओं भरा रहे। गत वर्ष मे हम सभी ने कड़े परिश्रम, समर्पण और इमानदारी के साथ कंपनी की प्रगति हेतू कार्य किया। मैं आशा करता हूँ कि नव वर्ष में भी, हम सब नई ऊर्जा और और उत्साह के साथ निगम को नई उंचाइयों तक ले जाने में निरंतर अग्रसर रहेंगे।

साथियो आने वाले नये प्रोजेक्ट्स में, मैं आशा करता हूँ कि आप कि निष्ठा, सहयोग, समर्थन एवं साझेदारी से सभी चुनौतियों का दृढ़ता से सामना कर उत्तीर्ण रहेंगे।

आपको एवं आपके परिवार जनो को स्वस्थ एवं समृद्धि भरे नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें!

शैलेन्द्र सिंह



**-श्री शैलेन्द्र सिंह,**
**निदेशक (कार्मिक)**

प्रिय सहकर्मचारियों,

नया साल हमारे जीवन मे नए उत्साह और नए दृष्टिकोण के साथ प्रवेश करता है। नए साल के इस शुभ अवसर पर मुझे आप सभी को सुख और समृद्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ संप्रेषित करते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है। टी एच डी सी परिवार के सभी सदस्यों ने कठिन परिश्रम, उत्कृष्टता और टीमवर्क के माध्यम से निगम को गर्वित किया है। नए वर्ष मे, हम विभिन्न परियोजनाओं और प्रोजेक्ट्स पर साथ मिलकर काम करेंगे, मुझे यह विश्वास है कि हम इस साझेदारी के माध्यम से नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगे। मै उम्मीद करता हूँ कि हम साथ मे एक और सफल वर्ष की ओर बढ़ेंगे।

नए वर्ष के इस शुभ अवसर पर, मै आप और आपके परिवारजनों को स्वस्थ, आनंददायक और समृद्धि भरे वर्ष की शुभकामनाएँ देता हूँ।

भूपेन्द्र गुप्ता



**-श्री भूपेन्द्र गुप्ता,**
**निदेशक (तकनीकी)**



**बड़े लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जीवन में हमेशा कुछ बड़े जोखिम उठाएं |- चंद्रशेखर आज़ाद**





## THDCIL applauds Uttarakhand Student Ms. Arushi on bagging the First Prize in the National Level Painting Competition organized by BEE (MoP, GoI)






THDC India Limited applauded Ms. Arushi, a student of Class 7th from Acharyakulam School, Haridwar on bagging the First Prize in the National Level Painting Competition organized by the Bureau of Energy Efficiency under the aegis of Ministry of Power, Govt. of India in New Delhi. THDC India Limited, a leading Power Entity of Ministry of Power was the Nodal agency for the State of Uttarakhand.

Preceding this National Level Event, State-Level competitions took place nationwide, witnessing the enthusiastic participation of approximately 70 Lakhs students and all the leading CPSUs of the country such as THDC, NTPC, NHPC, SJVN etc. had been assigned different States, all over the country for the successful convening of the competition. The first three winners from both groups A and B of each State participated in the National Level Event organized at Vigyan Bhawan, New Delhi on 11th December, 2023.

Her Excellency, Hon'ble President of India, Smt. Droupadi Murmu, presented the First Prize to Ms. Arushi during a grand glittering prize distribution ceremony on National Energy Conservation Awards Day, held on 14th December, 2023. Hon'ble President during her address congratulated the winners and highlighted the importance of Energy conservation.

The distinguished presence of Hon'ble Cabinet Minister (Power, New & Renewable Energy), Sh. R. K. Singh, Hon'ble Minister of State for Power and Heavy Industries, Sh. Krishan Pal added to the significance of the occasion, showcasing the government's commitment to recognizing and fostering talent in the realm of Energy Conservation.

Sh. Pankaj Agarwal, Secretary, Ministry of Power, Govt. of India and other senior dignitaries of MoP and senior officers from various CPSUs were also present during the occasion.


Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL heartily congratulated Uttarakhand State and Acharyakulam School, Haridwar on bagging first prize in this prestigious event.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), THDC India Limited, also congratulated MOP, GoI and the State of Uttarakhand for this prestigious achievement.

In the prestigious Competition, the First prize winner received the prize money of Rs One Lakh. Ms. Satakshi, from Acharyakulam School, Haridwar also won consolation prize under Group-A category received the consolation prize money amounting to Rs. Fifteen Thousand.









**Always take some meaningful risks in life to achieve great heights.**
**- Chandra Shekhar Azad**

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड ग्लोबल इंनवेस्टर्स समिट 2023 का उद्घाटन किया जिसमें टीएचडीसीआईएल ने टिहरी, उत्तराखंड में वाटर स्पोर्ट्स हाई परफॉर्मेंस अकादमी के लिए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 08 से 09 दिसंबर, 2023 तक देहरादून में आयोजित किये गए ऐतिहासिक उत्तराखंड ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 का 08 दिसंबर को उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने इंडियन कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन (आईकेसीए), उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन (यूओए) और युवा कल्याण और खेल विभाग, उत्तराखंड सरकार के साथ ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। यह हस्ताक्षर समारोह, उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी की सम्मानित उपस्थिति में आयोजित किया गया जो कि टिहरी, कोटेश्वर, उत्तराखंड में टीएचडीसीआईएल वाटर स्पोर्ट्स हाई परफॉर्मेंस अकादमी की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

यह एमओयू देहरादून में किया गया, जिस पर हस्ताक्षर करने वाले प्रमुख प्रतिनिधियों में टीएचडीसीआईएल के निदेशक(कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह, आईकेएसए के अध्यक्ष, श्री प्रशांत कुशवाहा, यूओआई के सचिव, डॉ डी.के.सिंह, विशेष प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण, उत्तराखंड श्री अमित सिन्हा (आईपीएस), और टीएचडीसीआईएल के कार्यपालक निदेशक (टीसी), श्री एल.पी.जोशी (टीएचडीसीआईएल की ओर से तथा सुशासित करने वाली बॉडी के साथ समन्वय हेतु) शामिल थे। इसका उद्देश्य पुरुष और महिला एथलीटों के लिए आवासीय सुविधा के साथ अत्याधुनिक उच्च प्रदर्शन अकादमी के विकास की रूपरेखा बनाना, अत्याधुनिक उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध कराकर एथलीटों के प्रदर्शन को बढ़ाना है।

समझौते के अंतर्गत, अकादमी कैनो स्प्रिंट, पैरा-कैनो और कैनो स्लैलम के विषयों में विश्व चैंपियनशिप, एशियाई स्तर की चैंपियनशिप और रैंकिंग चैंपियनशिप सहित अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए एथलीटों को प्रशिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी ने टीएचडीसीआईएल की भूमिका की सराहना की और कहा कि इस पहल का उद्देश्य वैश्विक पारिस्थितिक तंत्र बनाना है जो न केवल स्थानीय स्तर पर खेल को बढ़ाएगा, बल्कि कोटेश्वर और टिहरी में उच्च प्रदर्शन एकेडमी में अंतरराष्ट्रीय वातावरण विकसित करने में भी योगदान देगा।

उत्तराखंड की माननीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, श्रीमती रेखा आर्य ने भी इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर टीएचडीसी को हार्दिक बधाई दी।

श्री विश्नोई ने अकादमी की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि यह विदेशी एथलीटों का भारत में स्वागत करते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देगी। टीएचडीसीआईएल वाटर स्पोर्ट्स हाई परफॉर्मेंस अकादमी विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराकर प्रतिभाओं का पोषण करेगी और वैश्विक स्तर पर विशेषज्ञता के आदान-प्रदान का माध्यम बनेगी। यह पहल क्षेत्र में वाटर स्पोर्ट्स के विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर उत्तराखंड की प्रमुखता को बढ़ाने की दृष्टि के साथ संरचित की गई है।

श्री विश्नोई ने इस ऐतिहासिक उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन कराने के लिए उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी को बधाई दी। यह समिट उत्तराखंड के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में एक लंबा रास्ता तय करेगी। टीएचडीसी उत्तराखंड राज्य की विकास पहलों के साथ हमेशा कदमताल मिलाकर चली है और इस संबंध में हाल ही में टीएचडीसीआईएल ने उत्तराखंड राज्य में कुल 1719 मेगावाट की पांच जलविद्युत परियोजनाओं के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 17,000 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश शामिल होगा। इससे उत्तराखंड के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा होंगे।



बड़े लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जीवन में हमेशा कुछ बड़े जोखिम उठाएं |- चंद्रशेखर आज़ाद

## THDC India Limited and UJVNL's Joint Venture Secures 1719 MW Clean Energy Portfolio, Elevating Nation's Role in Net-Zero Emission Goals




Hon'ble Chief Minister of Uttarakhand, Sh. Pushkar Singh Dhami granted the responsibility for the development and commissioning of five Hydro Electric projects totalling 1719 MW in Uttarakhand to THDCIL-UJVNL Energy Company Limited, a joint venture company between THDC India Limited and UJVNL during the Energy Conclave held on 05th December 2023 at Dehradun.

Notable projects include the Mori Hanol Hydro Electric Project (63 MW) in Uttarkashi, Urthing Sobla Hydro Electric Project (280 MW) in Pithoragarh, Bogudiyar Sarkari Bhyol Hydro Electric Project (146 MW) in Pithoragarh, Pungarh-Matiyala Pump Storage Plant (600 MW) in Tehri-Garhwal and Jaspalgarh Pump Storage Plant (630 MW) in Pauri-Garhwal in Uttarakhand.

The allotment letters were formally received by Sh. Bhupender Gupta, Director(Technical), THDC India Limited, from the Hon'ble Chief Minister of Uttarakhand, Sh. Pushkar Singh Dhami.

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, THDCIL informed that, upon completion, these projects will contribute 1719 MW of clean energy, with a substantial investment of ₹17,000 crores and the creation of approximately 900 employment opportunities.

This significant announcement underscores the commitment of THDCIL and UJVNL to fortify the nation's energy sector. Furthermore, the emphasis on clean energy aligns with the global efforts toward achieving net-zero emission targets, highlighting the pivotal role these projects play in advancing sustainable and environmentally responsible energy solutions.

## टिहरी नराकास की 26वीं अर्धवार्षिक बैठक संपन्न

टिहरी विद्युत परियोजना में 21 दिसम्बर, 2023 को श्री एल.पी. जोशी, अध्यक्ष नराकास, टिहरी गढ़वाल एवं कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ श्री एल.पी. जोशी ने डॉ.ए.एन.त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (मा. सं. व के.सं.) एवं सचिव नराकास, श्री इंदर राम नेगी तथा नराकास सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में नराकास टिहरी गढ़वाल के 27 विभागों के कार्यालय प्रमुखों /प्रतिनिधियों ने भाग लिया।





**Always take some meaningful risks in life to achieve great heights.**
**- Chandra Shekhar Azad**

## Harmony Celebrations.....

A Harmony Celebration programme was held at the Corporate Office, Rishikesh on December 2, 2023, with the aim of fostering a sense of togetherness among employees for their well-being. The event featured a delightful musical night followed by gala dinner.

### Some Glimpses of the Event







**HRD Corner**

## Risk-Informed Dam Safety Management




A group photograph during the programme

Central Board of Irrigation and Power (CBIP) and International Commission on Large Dams (ICOLD) conducted a “Risk-Informed Dam Safety Management” Training Programme on 22nd-23rd December, 2023 at Takshshila, Sustainable Livelihood and Community Development Center, Rishikesh as a part of the HRD Department’s Revenue Generation Initiative. Inaugurated by Sh. J. Behera, Director (Finance) and Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), the programme involved 80 officials from diverse organizations nationwide and garnered significant praise.

## Electricity Market & Cross-Border Electricity Trading




A group photograph during the programme

An Open House Training Programme on "Electricity Market & Cross Border Electricity Trading" took place from 14th-15th Dec, 2023, at Takshshila, Sustainable Livelihood & Community Development Center, Rishikesh. Executives from SJVNL, NHPC, UPCL, and THDCIL participated. Industry veterans, including Sh A.K. Gupta, Ex Director (Commercial-NTPC), Sh. L.P. Joshi, ED, (TC/PSP/APP),THDCIL, Sh. Arvind Jhalani, Ex-GM (Commercial- NTPC) and Sh. Abhash Mohanty, AGM (Commercial- NTPC) facilitated the programme. Inaugurated by Sh. L. P. Joshi and Sh. S. K. Sharma, AGM (HRD) the programme focused on understanding electricity market intricacies and latest trends.





## टिहरी में नवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन





नवरात्रि महोत्सव आयोजन की कुछ झलकियाँ

टिहरी विद्युत परियोजना में टिहरी बांध दुर्गा पूजा समिति द्वारा 15 अक्टूबर 2023 से 24 अक्टूबर 2023 तक नवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नवरात्रि महोत्सव में निगम के निदेशक (वित्त), श्री जे. बेहेरा एवं श्रीमती सागरिका बेहेरा द्वारा दुर्गा माता की मूर्ति का अनावरण कर आशीर्वाद लिया गया।

इस आयोजन का शुभारंभ श्री एल.पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स), श्री आर.आर. सेमवाल, मुख्य महाप्रबंधक (ओ.एंड एम.), श्री नीरज वर्मा, महाप्रबंधक (पी.एस.पी.), श्री अभिषेक गौड, महाप्रबंधक (नियोजन), श्री एम.के. सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक), डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा. व के.सं.), श्रीमती विजया जोशी, श्रीमती निधि सेमवाल, श्रीमती शुभा गौड, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती सुश्रुता त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा घट स्थापना कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा एवं अन्य सांस्कृतिक टीमों द्वारा विभिन्न भक्तिमय एवं स्थानीय लोक संस्कृति की छटा प्रस्तुत की गई।

## THDC India Limited participated in Uttarakhand Global Investors Summit 2023

THDC India Limited participated in the Uttarakhand Global Investors Summit 2023 held from 08th December to 09th December 2023 at Dehradun. During the event, THDCIL displayed an eye-catching stall in the exhibition.

**Some glimpses of the exhibition**











Always take some meaningful risks in life to achieve great heights.
- Chandra Shekhar Azad





## Inauguration of the THDCIL-High-Performance Academy for Kayaking and Canoeing at Koteshwar, Tehri-Garhwal





Glimpses during the inauguration ceremony

THDC India Limited marked a significant milestone with the inauguration of the THDCIL-High-Performance Academy for Kayaking and Canoeing at Koteshwar, Tehri-Garhwal on 18th December 2023. The inaugural ceremony included the inspection of Tehri and Koteshwar Lake by Sh. Mayur Dixit, (IAS) District Magistrate, Tehri-Garhwal and representatives from the International Canoe Federation.

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, THDC India Limited congratulated THDC and all the stakeholders and added that this academy stands as a testament to THDCIL's unwavering commitment to fostering excellence in sports, emphasizing determination, discipline, and a spirit of adventure. As the principal sponsor, THDCIL believes profoundly in the transformative power of sports to inspire and unite communities.

Kayaking and Canoeing with their thrilling blend of skill, strategy, and endurance, provide a unique platform for individuals to push their boundaries and achieve greatness. The High-Performance Academy aspires to nurture talent, create world-class athletes, and contribute to the global growth and recognition of these water sports.

THDCIL's investment in this academy goes beyond financial commitment; it signifies a deep belief in the potential of athletes to make waves, both on the water and in the hearts of spectators. The academy envisions becoming a hub of excellence, where coaches, trainers, and athletes converge to exchange knowledge, hone their skills, and elevate the standard of kayaking and canoeing to new heights in India and the world.

Sh. Mayur Dixit, (IAS) District Magistrate, Tehri-Garhwal expressed appreciation and gratitude for THDCIL's commitment to promoting sports excellence and creating a legacy that inspires future generations.

Sh. Thomas Konietzko, President of the International Canoe Federation, Switzerland, commended THDC's efforts during his inspection of the lakes. He expressed appreciation, noting that the development of the academy signifies a commitment to world-class standards, ensuring it is equipped with top-notch facilities to deliver high-end training in kayaking and canoeing.

The ceremony witnessed the presence of esteemed guests, including Sh. Thomas Konietzko, President, the International Canoe Federation, Switzerland, Sh. Prashant Kushwaha, President, Indian Kayaking & Canoeing Association, Dr. D.K. Singh, Secretary General, Uttarakhand Olympic Association, Sh. Amit Sinha, Principal Secretary, Sports Department, Uttarakhand, and all the dignitaries present among others. Sh. L. P. Joshi, ED(TC), Dr. A. N. Tripathy, AGM (HR &A and CC) along with a senior officer of THDC were present during the inauguration ceremony.





## खुर्जा परियोजना में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना में दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री आर. एम. दूबे, महाप्रबंधक (विद्युत विभाग) द्वारा मुख्य वक्ता व हिंदी संकाय, श्री प्रेम सिंह (पूर्व संयुक्त निदेशक, राजभाषा विभाग) का स्वागत किया गया I इस कार्यशाला को दो सत्रों में आयोजित किया गया । प्रथम सत्र में मानक वर्तिनी एवं दूसरे में नोटिंग ड्राफ्टिंग की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । उक्त कार्यशाला में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कुल 24 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की ।

## Session on Policies and Procedures for Procurement of Goods, Works, and Services in THDCIL

On December 20, 2023, a knowledge-sharing session titled "Policies and Procedures for Procurement of Goods, Works, and Services in THDCIL" took place at the NCR office, Kaushambi. Sh. Narendra Singh Rana, DGM (Contracts), led the session, providing insights into the procurement process. The session covered essential topics such as the Objectives of Procurement, Types of Procurement, Modes of Goods Purchase, DGS & D Rate Contract, GeM, Tendering Processes, Bid Acquisition Methods and more. Sh. Rana's expertise shed light on the intricate details of procurement practices within THDCIL, enriching participants' understanding of the subject.



## Cardiac Health Awareness Session



On December 22, 2023, an awareness session unfolded at the NCR office, Kaushambi, addressing prevalent cardiac issues. Dr. Amit Mittal, Senior Consultant (Cardiologist) from Apollo Hospital, New Delhi, spearheaded the session. Dr. Amit delved into crucial topics, elucidating the anatomy of the heart, outlining causes of cardiac arrest, presenting available treatments, and imparting essential precautions to avert cardiac-related issues. The session, led by Dr. Amit Mittal, aimed to enhance understanding and awareness regarding common cardiac concerns.

**हार्दिक शुभकामनाएं**

कु० स्वाति नेगी, पुत्री श्री शोभन सिंह नेगी, उप -महाप्रबंधक ,केएसटीपीपी खुर्जा (नियोजन एवं भण्डार) ने जुलाई-2022 में वायु सैन्य अधिकारी के लिए चयन के पश्चात वायु सैन्य अकादमी हैदराबाद व वायु सैन्य तकनीकी अकादमी बेंगलुरू में एक वर्ष छह माह के सघन सैन्य प्रशिक्षण के उपरान्त दिसम्बर 2023 मे फ्लाइंग आफिसर के पद पर नियुक्ति पाई है। टीएचडीसी परिवार कुमारी स्वाति नेगी की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई संप्रेषित करता है।



## टिहरी परियोजना में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी भागीरथीपुरम चिकित्सालय के सौजन्य से एवं मैक्स सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, दिल्ली के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, डॉ. सौरभ चर्तुवेदी, हड्डी विशेषज्ञ, डॉ. अजय धनोपेय एवं बी.एम.डी. तकनीशियन के सहयोग से 24 नवंबर 2023 को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स), श्री एल.पी. जोशी द्वारा किया गया। इस मेडिकल कैम्प में कुल 87 रोगियों का परीक्षण एवं जाँच की गई तथा 65 लोगों का बी.एम.डी. (हड्डियों की मजबूती एवं कमजोरी की जाँच) की गई।

## खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना (2x660 मेगावाट) (Unit#1)<br>टर्बाइन जनरेटर के बियरिंग गियर का कार्य सम्पन्न



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की पहली ताप विद्युत परियोजना खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (2x660 मेगावाट) ने प्रगति पथ पर निरंतरता बनाए रखते हुए परियोजना के बहुप्रतीक्षित लक्ष्य "टर्बाइन जनरेटर बियरिंग गियर (Unit#1)" को 09 दिसंबर 2023 को सफलतापूर्वक पूर्ण किया । इस अवसर पर श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी |

परियोजना के Unit #1 के टर्बाइन जनरेटर (टीजी) के इरेक्शन कार्यों की शुरुआत वर्ष 2022 के मई माह में हुई थी। उसके बाद सतत प्रयासों से मध्यवर्ती लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए जुलाई-2023 में टर्बाइन जनरेटर के बॉक्स-अप को पूर्ण किया गया। इसी क्रम में टीजी ऑयल फ़्लशिंग अगस्त-2023 में शुरू हुई जिसकी समाप्ति 08 दिसंबर 2023 को हुई। इसी दौरान टीजी से संबंधित समस्त मैकेनिकल, इलैक्ट्रिकल एवं कंट्रोल & इण्स्ट्रूमेंटेशन कार्यों को पूर्ण किया गया, जिसके उपरांत टीजी स्टीम लेकर विद्युत उत्पादन के लिए पूर्णतः तैयार है।

विद्युत उत्पादन शुरू होने पर परियोजना प्रति वर्ष लगभग 9264 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पन्न करेगी जिससे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं राजस्थान राज्य लाभान्वित होंगे। परियोजना हेतु जल, कोयला एवं पावर निकासी प्रणाली पहले ही तैयार की जा चुकी है । परियोजना की Unit #1 का ग्रिड से सिंकरोंनाईज़ेशन फरवरी 2024 में किया जाना प्रस्तावित है।

इस लक्ष्य की प्राप्ति के अवसर पर श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना) ने सराहना करते हुए कहा कि यह खुर्जा टीम के दृढ़ संकल्प और प्रयासों की बदौलत ही संभव हो पाया है। इस अवसर पर श्री एम. के. अस्थाना (मुख्य महाप्रबंधक- एनटीपीसी), श्री नवीन सक्सेना (ईडी पीएसएनआर-बीएचईएल) एवं टीएचडीसी, एनटीपीसी, तथा बीएचईएल के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## Successful Boxing Up of the 2nd Unit (U#6-250 MW Variable Speed Pump Turbine) of 1000 MW Tehri PSP






THDC India Limited has achieved a significant milestone with the successful Boxing up of the Second unit (U#6- 250 MW variable speed pump turbine) of 1000 MW Tehri Pumped Storage Project (PSP) on 26th December 2023. Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDC, congratulated the PSP team, emphasizing that this major achievement marks a crucial step towards commissioning the Nation's first Variable Speed Pumped Storage Project (1000 MW).

Tehri PSP has been envisaged to generate 1000 MW of Peaking Power for enhancing system reliability and also to provide Balancing Load to the Thermal and Renewable generation during off Peak hours. The reservoir created by the Tehri Dam and Koteshwar Dam would function as upstream and downstream reservoir for Pump Storage Plant. This Plant in a big way will contribute in stabilization by meeting the Peak Load and balancing requirements.

The event was attended by Sh. L.P. Joshi, Executive Director (TC & APP) along with other senior officers of THDC and Consortium of M/s GEPIL, M/s HCC and M/s GEHF.

Besides above, Tehri PSP team also achieved another milestone with the successful lowering of the Runner of Final Unit-U#8 (250 MW Variable Speed Pump Turbine) of the 1000 MW Tehri PSP on December 22, 2023.

## Successful Boiler Hydro test for Unit #2 of the Khurja Super Thermal Power Plant



THDCIL achieved another significant milestone towards the commissioning of 1320 MW KSTPP. The first thermal project of THDCIL initiated through a Memorandum of Understanding signed in 2010, demonstrates THDCIL's commitment to innovation and sustainability. Equipped with cutting-edge technologies for emission control and environmental impact reduction, the Khurja STPP stands as a beacon of progress in India's energy landscape.

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director informed that THDCIL renowned for its outstanding performance in the realm of Hydro, Wind, and Solar Power Production, achieved another milestone on November 02, 2023, by executing the Boiler Hydro test for Unit #2 of the Khurja Super Thermal Power Plant (2*660 MW) in Bulandshahr, U.P. This critical test was carried out to assess the structural integrity of the welding joints within the boiler tubes and various pressure components.

In this test, boiler pressure parts were filled with DM water and subjected to 439.4 kg/cm2 of pressure for 30 minutes which is approximately 1.5 times of the maximum design pressure of the boiler i.e. 279.3 kg/cm2 . The test was conducted in the esteemed presence of Shri Kumar Sharad (Executive Director-Project); Shri Shailesh Dhyani, AGM (Mechanical); Shri Prabhat Ranjan, AGM (SG); Shri N.K. Bhatt, AGM (Mechanical); Shri Arvind Yadav, DGM (Mechanical); Shri A.K. Vishwakarma and other THDC, NTPC and LMB officials.





## लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन, ऋषिकेश द्वारा श्रीमती रेनू जैन का विदाई समारोह



कार्यक्रम के आयोजन का दृश्य

लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन, ऋषिकेश (तेजस्विनी) ने 25 दिसंबर, 2023 को श्रीमती रेनू जैन, पत्नी श्री अतुल जैन के विदाई समारोह का आयोजन किया | उक्त आयोजन के अवसर पर एसोसिएशन की मुख्य संरक्षिका श्रीमती चंचल विश्नोई उपस्थित रहीं | इस आयोजन में क्लब की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं |

## तरंगिनी आफिसर्स महिला क्लब, टिहरी द्वारा स्कूली बच्चों में गरम कपड़ों वअल्पाहार का वितरण

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तरंगिनी आफिसर्स महिला क्लब, टिहरी की पदाधिकारियों एवं सदस्याओं द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, डिबनू, चम्बा के छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी का सामान, गरम कपड़े, अल्पाहार आदि वितरित किया गया।

इस अवसर पर तरंगिनी आफिसर्स महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती विजया जोशी, उपाध्यक्षा श्रीमती विभा सिंह, महासचिव श्रीमती अमृता पंवार, खेल सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीमती निशि सिंघल, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती लक्ष्मी चौहान आदि उपस्थित रहीं |



सामान वितरण का दृश्य

## 444 मेवा वीपीएचईपी के 14वें प्रोजेक्ट रिव्यू पैनल (PRP) की बैठक सम्पन्न



10 दिसम्बर, 2023 से 16 दिसम्बर, 2023 तक प्रोजेक्ट रिव्यू पैनल (PRP) द्वारा टीएचडीसीआईएल के 444 MW विष्णुगाड़ पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना (वीपीएचईपी) का सात दिवसीय निरीक्षण दौरा किया गया। इस दौरान पैनल ने वीपीएचईपी परियोजना के डैम साइट, टीबीएम और पावर हाउस पर पहुंचकर कार्य प्रगति व स्थिति का जायजा लिया और परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

## बंड विकास मेला में टीएचडीसीआईएल के स्टॉल को मिला दूसरा स्थान




मेले के दौरान ग्रुप फोटोग्राफ

पीपलकोटी में 20 दिसंबर से 26 दिसंबर 2023 तक उत्तराखंड के प्रसिद्ध व लोकप्रिय औद्योगिक, पर्यटन, किसान एवं सांस्कृतिक मेला- बण्ड विकास मेला का आयोजन किया गया | उक्त मेले में श्री अजय वर्मा, परियोजना प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे |

मेले में परियोजना प्रमुख के अलावा श्री के.पी. सिंह (अपर महाप्रबंधक, टीबीएम एवं पावर हाउस), श्री जे. एस. बिष्ट (अपर महाप्रबंधक - सामाजिक, पर्यावरण एवं यांत्रिक), श्री एस. बी. प्रसाद (उप-महाप्रबंधक, मा. सं. एवं प्रशा.), आदि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे |

इस मेले में सरकारी संस्थानों व विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए थे। वीपीएचईपी के मानव संसाधन विभाग द्वारा लगाए गए टीएचडीसीआईएल के प्रदर्शनी स्टॉल ने 'सरकारी' केटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीएचडीसीआईएल के तरफ से श्री वाई. एस. चौहान, उप प्रबंधक- जनसम्पर्क व श्री अविनाश कुमार, कार्यपालक प्रशिक्षु-जनसम्पर्क ने इस पुरस्कार को ग्रहण किया।



**Generating Power... Transmitting Prosperity ...**

## भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



**श्री अतुल जैन**
**कार्यपालक निदेशक**
**(तकनीकी)**
**सेवानिवृत्ति: 31-12-2023**

श्री अतुल जैन, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी) 31-12-2023 को टीएचडीसीआईएल से सेवानिवृत्त हुए | श्री अतुल जैन ने 1984 में रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज वारंगल (ए.पी.) से स्नातक की डिग्री हासिल की और 1988 में रूड़की विश्वविद्यालय (आईआईटी-रुड़की) से भूकंप इंजीनियरिंग (स्ट्रक्चरल डायनेमिक्स में विशेषज्ञता के साथ) में ऑनर्स के साथ एम.ई. की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने वर्ष 1989 में सहायक अभियंता के रूप में टीएचडीसीआईएल से जुड़कर, 34 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ हाइड्रो सेक्टर में अपना योगदान दिया |

श्री जैन ने न सिर्फ टिहरी एचपीपी और कोटेश्वर एचईपी के डिज़ाइन में योगदान दिया, बल्कि आपके नेतृत्व में परिकल्प टीम ने कई घरेलू डिज़ाइन समाधान प्रदान किए, जिनसे इन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। श्री जैन ने झाँसी में 24 मेगावाट ढुकवां एसएचपी के पहले इन-हाउस डिज़ाइन के लिए डिज़ाइन इंजीनियरों की एक टीम का प्रभावी नेतृत्व किया, जिसका निर्माण बिना किसी लागत वृद्धि के किया गया। श्री जैन ने 1000 मेगावाट की टिहरी पीएसपी के पहले ईपीसी टेंडर को अंतिम रूप देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसके बाद टिहरी पीएसपी के सिविल और एचएम डिजाइनों को समय पर और सक्रिय रूप से अंतिम रूप देने में युवा इंजीनियरों की टीम का नेतृत्व और मार्गदर्शन किया। 444 मेगावाट वीपीएचईपी में श्री जैन ने मशीन हॉल की चुनौतीपूर्ण बहाली एवं जटिल डिजाइन और साइट के मुद्दों को हल करने, टनल बोरिंग मशीन को पुनर्प्राप्त करने के लिए लागत प्रभावी और इन-हाउस समाधान प्रदान करने और इसके लिए अभिनव समाधान प्रदान करने में अपनी टीम का मार्गदर्शन किया। श्री जैन ने टीएचडीसी के संयुक्त उद्यम TUSCO एवं TREDCO Rajasthan Ltd. के निदेशक मंडल में भी मनोनीत निदेशक के रूप भी अपनी सेवाएं दी | टीएचडीसीआईएल में इनके उल्लेखनीय योगदान के लिए इन्हें 'गौरव पुरस्कार - 2023' से भी नवाजा गया ।



श्री चंद्रवीर सिंह
उप महाप्रबंधक (हाइड्रो मैकेनिकल)
टिहरी
सेवानिवृत्ति: 31-12-2023



श्री के. एस. राणा
उप महाप्रबंधक (डिजाइन-सिविल एवं एच.एम.), ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति: 31-12-2023



श्री प्रवीण मदान
उप महाप्रबंधक
पाटन, गुजरात
सेवानिवृत्ति: 31-12-2023




श्री मुकेश राज त्यागी
अधिकारी (आई. टी.)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति: 31-12-2023



श्री हीरा मणि चमोली
उप अभियंता (इलेक्ट्रिकल, ओ एन्ड एम), टिहरी
सेवानिवृत्ति: 31-12-2023



श्री आशा राम
परिचारक (पी.एस.पी)
टिहरी
सेवानिवृत्ति: 31-12-2023



श्री सुखदेव सिंह
परिचारक (एच.एम.)
टिहरी
सेवानिवृत्ति: 31-12-2023



श्री अल्फ्रेड जोजफ
हेल्पर (मैकेनिकल)
टिहरी
सेवानिवृत्ति: 31-12-2023

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन व जनसम्पर्क) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड़, ऋषिकेश-249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित**
**फोन: 0135-2473504, वेबसाइट:www.thdc.co.in, ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com**
**गृह पत्रिका/न्यूज लेटर में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने हैं और उनके टीएचडीसीआईएल प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**
**(निशुल्क आंतरिक वितरण के लिए )**
**Designed In-House by Corporate Communication Department, Rishikesh**

THDCIL's Official Social Media handles for latest updates
Facebook Twitter YouTube LinkedIn